FORM NO. II

फर्द अहकाम

(नियम 26)

2023/154

अज अदालत– राजस्व अपील प्राधिकारी सवाईमाधोपुर (राज0)

अपील संख्या 83 / 2023

अन्तर्गत धारा 225 आर0 टी0 एक्ट

उनवान– मोहनसिंह बनाम सुखराज सिंह वगै0

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	विशेष विवरण
18.10.2023	पत्रावली पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। वकील अपीलांट उपस्थित। वकील अपीलांट की प्रार्थना पत्र अन्तरिम निषेधाज्ञा और परिसीमा अधिनियम अन्तर्गत धारा 5 पर एकपक्षीय बहस सुनी गयी । वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र धारा 5 परिसीमा अधिनियम पर बहस दौरान कथन किया कि अपीलार्थी ग्रामीण परिवेश का व्यक्ति है। अपीलार्थी को जैर आदेश की जानकारी नोटिस प्राप्त होने पर हुयी तथा तारीख पेशी पर जवाब प्रस्तुत किया बावजूद अधीनस्थ न्यायालय द्वारा सुनवायी नहीं किये जाने के कारण विधिक सलाह प्राप्त करने में समय लगा। अपील में देरी के लिये न्यायहित में कंडोन फरमाये जावे। मेरे द्वारा वकील अपीलांट के कथनों पर सहानुभूतिपूर्व विचार करते हुये प्रार्थना पत्र अपीलांट धारा 5 परिसीमा अधिनियम स्वीकार किया जाता है। इसके उपरांत अधिवक्ता अपीलांट ने प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा पर दौराने बहस कथन किया कि विवादित आराजी अपीलांट की कब्जे काश्त की खातेदारी भूमि है। तहत न्यायालय ने हमे बिना सुने ही निर्णय पारित किया है। अधीनस्थ न्यायालय ने आदेश 39 नियम 3ए की भी पालना नहीं की है। अतः तहत न्यायालय के आदेश दिनांक 25.05.2023 का प्रचलन व प्रभाव स्थगित किया जाये। हमने वकील अपीलांट अस्थायी निषेधाज्ञा पर बहस सुनी गयी तथा अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय दिनांक 25.05.2023 का अवलोकन किया गया है। प्रकरण में तहत न्यायालय द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तरिम अस्थायी निषेधाज्ञा का निर्धारित अवधि 30 दिवस में निस्तारण नहीं किया है, जो आदेश 39 नियम 3ए सीपीसी का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः तहत न्यायालय उप जिला कलेक्टर बौंली जिला सवाईमाधोपुर के प्रकरण संख्या	

Scanned with CamScanner

11/2023 में पारित निर्णय दिनांक 25.05.2023 का प्रभाव व प्रचलन स्थगित किया जाता है। प्रकरण तहत न्यायालय को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है, कि विधिक प्रावधान अनुसार प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा का निर्णय 30 दिवस करना सुनिश्चित करे। तहत न्यायालय में पक्षकारान दिनांक 07.11.2023 को उपस्थित हो।

30/10/23

उम्मेदीलाल मीना
(आर.ए.एस)
राजस्व अपील अधिकारी सवाईमाधोपुर

राजस्व अपील प्राधिकारी सवाई माधोपुर

Scanned with CamScanner